# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416
मो. : 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................                                                                                    दिनांक : 06.08.2016

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज जंगल धूसड़ गोरखपुर में छात्रसंघ चुनाव 24 अगस्त को होगा। छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना आज चुनाव अधिकारी डॉ. प्रवीन्द्र कुमार ने जारी कर दी। आज से ही छात्रसंघ चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। छात्रसंघ चुनाव अधिकारी ने बताया कि 22 अगस्त को छात्रसंघ प्रतिनिधियों का चुनाव होगा। तथा चुने हुए प्रतिनिधि अपराहन् 3 से 4.30 बजे तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री पद पर नामांकन कर सकेंगे। 23 अगस्त को पूर्वाहन् 9.30 से 10.30 बजे तक पर्चों की जाँच कर प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। दोपहर 12.30 बजे से योग्यता–भाषण (क्वालीफाइन स्पीच) होगा। जिसमें सभी प्रत्याशी अपनी बात कह सकेंगे। 24 अगस्त को प्रातः 8.30 बजे से मतदान प्रारम्भ होगा। 24 अगस्त को ही मतदान के बात मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएगें।

चुनाव अधिकारी डॉ. प्रवीन्द्र कुमार ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में किसी भी छात्र–छात्रा द्वारा एकाधिक के साथ झुण्ड बनाकर चलना, कक्षाओं में भाषण, प्रचार करना, छपी सामग्री का उपयोग, बैनर–पोस्टर का उपयोग आचार–संहिता का उलंघन माना जाएगा। चुनाव में किसी प्रकार का आर्थिक व्यय आचार–संहिता का उलंघन होगा। छात्रसंघ चुनाव में सभी प्रत्याशियों के प्रचार का मुख्य आधार योग्यता भाषण होगा। महाविद्यालय द्वारा सूचना पट्ट एवं बेवसाइट पर सभी प्रत्याशियों द्वारा उपलब्ध कराया गया उनका परिचय प्रसारित होगा। चुनाव अधिकारी डॉ. शाही ने कहा कि छात्रसंघ परिनियमावली महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(डॉ. प्रवीन्द्र कुमार शाही)
चुनाव अधिकारी